## शहर में आज

- जानकीपुरम स्थित केंद्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान में विश्व होम्योपैथी दिवस पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन- 10 :00 बजे से।
- अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी के कन्वेंशन सेंटर में दिल के नवीनतम इलाज को लेकर चल रहे सम्मेलन का मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन- 11 :00 बजे।
- कैसरबाग स्थित राजस्व परिषद, अम्बेडकर सभागार में पीसीएस (रिटायर्ड) ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन- 12 :00 बजे से।
- बीएम शाह प्रेक्षागृह भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह के छठे दिन गोरखपुर की नाट्य संस्था सांस्कृतिक संगम की ओर से नाटक रश्मिरथी का मंचन- 3 :30 बजे से।
- अलीगंज स्थित पंचायती राज निदेशालय में उपनिदेशक लखनऊ मंडल की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन की मंडलीय बैठक- 4 :00 बजे से।
- राज बिसारिया प्रेक्षागृह में भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह में कार्यक्रम मालन अलबेली में पद्मश्री मालिनी अवस्थी का गायन- 6 :30 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

## सिटी ब्रीफ

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह कल शहर आएंगे



**अमृत विचार, लखनऊ :** सांसद और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तीन दिवसीय प्रवास पर 11 अप्रैल को शहर पहुंचेंगे। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के अनुसार रक्षामंत्री शनिवार को 3 :20 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से 5-ए कालिदास मार्ग निकलकर शाम 4 .30 बजे गोमतीनगर विवेक खंड दो टंकी वाला पार्क में गोमतीनगर जन कल्याण महासमिति वार्षिकोत्सव में सम्मिलित होंगे। शाम 5 : 45 बजे कैंट स्थित सूर्या ऑडिटोरियम में वार हीरोस एंड वीर नारिश अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल होंगे। 6 :35 बजे स्मृतिका वार मेमोरियल एंड लाइट, साउंड शो में शामिल होकर शाम 7 :15 बजे कालिदास मार्ग आवास जाएंगे। रविवार को शाम 5 बजे गोमती नगर स्थित पूरब मंडल-एक, सेट एमआर जयपुरिया स्कूल गोमतीनगर में वरिष्ठ जन संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। शाम 6 बजे इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में श्री लाल जी टंडन फाउंडेशन की ओर से पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में भाग लेंगे। सोमवार को सुबह 9 : 30 बजे केडी सिंह बाबू स्टेडियम में "सांसद खेल महाकुंभ" का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद दिल्ली रवाना हो जाएंगे।

### रोडवेज कर्मियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**अमृत विचार, लखनऊ :** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। मोर्चा ने क्षेत्रीय प्रबंधक को 23 सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर 15 अप्रैल तक समस्याओं के समाधान की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि मांगें पूरी न होने पर 16 से 18 अप्रैल तक कार्य बहिष्कार किया जाएगा। इसके बाद भी समाधान न होने पर चक्का जाम का नोटिस जारी किया जाएगा। मोर्चा में रोडवेज कर्मचारी संघ, संयुक्त परिषद, श्रमिक समाज कल्याण संघ समेत संविदा कर्मचारी संगठनों की भागीदारी है।

### डीपीआरए में कल जुटेंगे 300 फार्मासिस्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन (डीपीआरए) उप्र. का द्विवार्षिक अधिवेशन व निर्वाचन शनिवार को होगा। इंदिरा नगर आम्रपाली के होटल हिंद पैलेस में आयोजित इस अधिवेशन में करीब 300 फार्मासिस्ट रहेंगे। यह जानकारी डीपीआरए लखनऊ शाखा के कोषाध्यक्ष अजय कश्यप ने दी। अजय कश्यप ने बताया अधिवेशन में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, विशिष्ट अतिथि एसीएस अमित घोष, डीजी डॉ. पवन कुमार अरुण आदि को आमंत्रित किया गया है।



चारबाग स्थित भारत ज्योति गैस सर्विस एजेंसी में सिलेंडर लेने के लिए लगी लाइन।

# लखनऊ होकर चलेंगी दो साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेनें

- एक ट्रेन सुल्तानपुर और दूसरी वाराणसी से मुंबई तक जाएगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल ने यात्रियों की सुविधा के लिए सुलतानपुर और वाराणसी से लोकमान्य तिलक टर्मिनल (मुंबई) के लिए दो समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। दोनों साप्ताहिक ट्रेनें लखनऊ होकर गुजरेंगी।

सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि दोनों ट्रेनों में थर्ड एसी इकोनॉमी श्रेणी के 14 और सामान्य के चार कोच होंगे। यह व्यवस्था यात्रियों को आरामदायक सफर और किफायती विकल्प उपलब्ध कराएगी।



ट्रेन नंबर 04212 सुलतानपुर से 20 मई से 15 जुलाई तक प्रत्येक बुधवार को सुबह 4:00 बजे रवाना होगी। यह सुबह 6:20 बजे लखनऊ पहुंचेगी और कानपुर, उरई, झांसी, बीना, रानी कमलापति, इटारसी, खंडवा, भुसावल, पाचोरा, चालिसगांव, नासिक रोड, कल्याण, ठाणे होते हुए दूसरे दिन दोपहर 12:20 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनल पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 04211 21 मई से 16 जुलाई तक प्रत्येक गुरुवार को दोपहर 2:35 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनल से चलेगी। लखनऊ रात 8:50 बजे और सुलतानपुर रात 11:00 बजे पहुंचेगी।

ट्रेन नंबर 04226 वाराणसी से 21 मई से 09 जुलाई तक प्रत्येक गुरुवार को रात 1:35 बजे रवाना होगी। जौनपुर और सुलतानपुर होते हुए सुबह 6:20 बजे लखनऊ पहुंचेगी और कानपुर, उरई, झांसी, बीना, इटारसी, भुसावल, चालिसगांव, नासिक, कल्याण, ठाणे होते हुए अगले दिन दोपहर 12:20 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनल पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 04225 22 मई से 10 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को दोपहर 2:35 बजे एलटीटी से चलेगी। लखनऊ रात 8:50 बजे और वाराणसी रात 2:05 बजे पहुंचेगी।

### आलमबाद, केसरबाग से 10 ग्रामीणों रूटों पर बसें बढ़ीं



**अमृत विचार, लखनऊ :** रोडवेज प्रशासन ने किफायती 'जनता बस' सेवाओं का विस्तार शुरू कर दिया है। इन बसों का किराया सामान्य बसों के मुकाबले 20 फीसदी कम होने से यात्रियों का राहत मिलेगी। अभी 29 रूटों पर 37 बसें चलाई जा रही हैं। इन्हें चरणबद्ध बढ़ाया जा रहा है। क्षेत्रीय प्रबंधक अमरनाथ ने बताया कि पहले चरण में 10 रूटों पर बसें बढ़ाई गई हैं। इसमें आलमबाग से छह रूट और कैसरबाग से 4 रूटों पर बसें चलेंगी। ये बसें 80 से 100 किलोमीटर दूरी तक के गांवों को सीधे शहर से जोड़ेंगी। आलमबाग से मोहनलालगंज – गोसाईंगंज – जगदीशपुर रूट, असरेंदा– लउवा– महराजगंज रूट, बाराबंकी – बीबीपुर – हैदरगढ़ रूट, गंगागंज– नगराम– जगदीशपुर रूट, निगोहां – सेहगों – जगदीशपुर, किशनी रूट और कैसरबाग से महिगवां – महमूदाबाद रूट, बाबागंज – महमूदाबाद रूट पुरवां– भगवंतपुर रूट, बड़वल बाजार – जगदीशपुर रूट पर बसें चलेंगी।

# सड़ांध बढ़ी तो चेते नगर आयुक्त बैठक ली, अफसरों को भी चेताया

## कहा, कूड़ा उठान को 6 बजे से फील्ड में भेजें गाड़ियां, नाले नियमित साफ कराएं

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** असम के आउटसोर्स कर्मियों के मतदान में चले जाने से शहर के ज्यादातर इलाकों में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन बंद है, गलियों, खाली प्लाटों में जमा कूड़े में बारिश के बाद सड़ांध उठने लगी है। नगर निगम में सफाई संबंधी शिकायतें बढ़ गईं और पार्षदों की नाराजगी भी जताई। गुरुवार को नगर आयुक्त ने अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें उन्होंने कहा कि, कूड़ा कलेक्शन के लिए सुबह 6 बजे से गाड़ियां उतारने फील्ड में उतार दी जाएं और एक हफ्ते में शौचालय और यूरिनल साफ हो जाएं अन्यथा जोनल अधिकारी, जोनल सेनेटरी ऑफिसर और अधिशासी अभियंता का वेतन रोक दिया जाएगा। जलभराव न हो इसके लिए मुख्य अभियंता सिविल और आरआर को नालों की नियमित सफाई कराने के निर्देश भी दिए।

असम के मूल निवासी बड़ी संख्या में नगर निगम में आउट सोर्स से सफाईकर्मी और सफाई में लगे हैं। इनमें से ज्यादातर कर्मचारी असम विधानसभा चुनाव में वोट डालने चले गए हैं। इससे शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। हफ्तों कूड़ा घरों से कूड़ा कलेक्शन बंद है। इससे लोग आसपास गलियों और खाली प्लाटों में कूड़ा फेंक रहे हैं। उठान न होने से जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए। पिछले दिनों बारिश के बाद कूड़े के इन ढेरों से बदबू आने लगी है।

सरोजनी नगर प्रथम वार्ड के बदाली खेड़ा अवध बिहार कालोनी, नारायण पूरी कालोनी, आजाद नगर कालोनी, वृंदावन कालोनी सहित ज्यादातर इलाकों में कूड़े से भरे डस्टबिन में बदबू उठ रही। नगर निगम में कूड़ा उठान न होने की शिकायतें भी बढ़ गई हैं। सरोजनीनगर द्वितीय वार्ड से भाजपा पार्षद रामनरेश रावत, इस्माइलगंज प्रथम वार्ड से कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान तक ने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन न होने की शिकायत नगर आयुक्त से की है। पार्षद रामनरेश रावत ने बताया कि उनके वार्ड की कानपुर रोड, अमौसी एयरपोर्ट, मेट्रो स्टेशन होकर शहीद पथ चौराहे से जिस वीआईपी मार्ग से मंत्री होकर गुजरते हैं वहां 15 दिनों से पानी भरा है। नाला न होने से सरोजनीनगर द्वितीय वार्ड की जनता गंदे पानी के बीच होकर निकलने को मजबूर हैं।नगर आयुक्त गौरव कुमार ने गुरुवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय सभागार में अधिकारियों की बैठक ली। इसमें उन्होंने जोनल अधिकारियों और जोनल सेनेटरी अधिकारियों से कहा कि नागरिकों की शिकायतों का उसी दिन निस्तारण कराया जाए।

सार्वजनिक शौचालयों और यूरिनल की स्थिति सुधारने के निर्देश भी दिए। नगर आयुक्त ने बताया कि पहले चरण में 86 सार्वजनिक शौचालयों का कार्य शीघ्र पूरा किया जाएगा। स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाए। अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, पंकज श्रीवास्तव, अरुण कुमार गुप्त और डॉ. अरविंद कुमार राव, उप नगर आयुक्त रश्मि भारती सहित नगर निगम के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।



स्मार्ट सिटी कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक करते नगर आयुक्त गौरव कुमार। अमृत विचार

### महापौर भी सख्त, कहा दो शिफ्टों में उठाएं कूड़ा

सफाई व्यवस्था और कूड़ा उठान न होने की शिकायतों के बाद महापौर सुषमा खर्कवाल ने भी बैठक लेकर अधिकारियों और सफाई कंपनियों के प्रतिनिधियों को फटकार लगाई। साथ ही दो शिफ्ट में घरों और सड़कों से कूड़ा उठान के निर्देश दिए। इस आदेश का सफाई कंपनियों पर असर नहीं पड़ा। गुरुवार को भी जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे रहे। कंपनियों के सफाई इंचार्ज और सुपरवाइजर कह रहे हैं कि जब कर्मचारी ही नहीं हैं तो दो शिफ्ट में कूड़ा कैसे उठवाएं।



कानपुर रोड पर सड़क पर भरा पानी।

### निर्बाध बिजली आपूर्ति प्राथमिकता

**अमृत विचार, लखनऊ:** अमौसी जोन के बनी बिजली उपकेंद्र का मुख्य अभियंता ने गुरुवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बिजली आपूर्ति व्यवस्था, उपकरणों की स्थिति और उपभोक्ताओं को दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता रामकुमार ने अधिकारियों और कर्मचारियों को उपभोक्ताओं को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने उपकेंद्र पर लगे ट्रांसफार्मरों, फीडरों की कार्यक्षमता और सुरक्षा मानकों की विस्तार से जहां समीक्षा की, वहीं मुख्य अभियंता ने साफ-सफाई, रखरखाव और सुरक्षा व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। साथ ही संभावित तकनीकी खामियों को शीघ्र दूर करने और आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।



धूप से बचाव के लिए छाता लगाकर जातीं छात्राएं। अमृत विचार

### एक हफ्ते में 10 डिग्री तक चढ़ेगा पारा

**अमृत विचार, लखनऊ :** पश्चिमी विक्षोभ के कारण हो रही बारिश का प्रभाव खत्म होने के साथ ही राजधानी में एक हफ्ते में 10 डिग्री सेल्सियस तक पारा चढेगा। मौसम विभाग ने यह अनुमान जारी किया है। राजधानी में मौसम साफ रहेगा तेज धूप से गर्मी बढ़ेगी। गुरुवार को धूप और छांव के बीच अधिकतम तापमान करीब 3 .5 डिग्री बढ़कर 30 .5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया जो सामान्य से 6 .7 डिग्री कम था। न्यूनतम तापमान 2 .8 डिग्री गिरकर 16 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो सामान्य से 3 .7 डिग्री कम था। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को मौसम साफ रहेगा। तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी।

# अटल विवि में वेतन घोटाले के आरोप की शासन ने मांगी रिपोर्ट

- प्रतिनियुक्त डॉक्टरों को दोगुना वेतन देने का मामला, उपमुख्यमंत्री तक पहुंची शिकायत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी में डॉक्टरों के वेतन निर्धारण को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। प्रतिनियुक्ति पर तैनात डॉक्टरों को उनके मूल संस्थानों की तुलना में लगभग दोगुना वेतन दिए जाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। शासन ने यूनिवर्सिटी प्रशासन से दोबारा पत्र भेजकर जल्द से जल्द रिपोर्ट तलब की है।

आरोप है कि जिन डॉक्टरों को उनके मूल संस्थानों में करीब 2.5 लाख रुपये प्रतिमाह वेतन मिल रहा था, उन्हें यूनिवर्सिटी में तैनाती के बाद 4.5 लाख रुपये तक का भुगतान किया जा रहा है। जबकि यूनिवर्सिटी का कार्यक्षेत्र मुख्य रूप से प्रवेश परीक्षा, परिणाम और संबद्धता जैसे प्रशासनिक कार्यों तक सीमित है। इसके बावजूद डॉक्टरों को सुपर स्पेशियलिटी स्तर का वेतन दिए जाने पर सवाल उठ रहे हैं।

मामले को लेकर समाजसेवी राज मोहन सक्सेना ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को पत्र लिखकर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि अन्य मेडिकल संस्थानों से आए डॉक्टरों को डीन जैसे महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त कर अनियमित वेतन दिया जा रहा है। साथ ही परीक्षा और परिणाम घोषित करने के नाम पर दो से पांच लाख रुपये तक की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है। शासन ने 7 जनवरी को जांच के आदेश दिए थे, लेकिन दो महीने से अधिक समय बीतने के बावजूद रिपोर्ट सामने नहीं आई। अब शासन ने सख्त रुख अपनाते हुए 7 अप्रैल को संयुक्त सचिव चन्द्रशेखर मिश्र के माध्यम से यूनिवर्सिटी प्रशासन से तत्काल प्रगति रिपोर्ट मांगी है। शासन का पत्र पहुंचते ही यूनिवर्सिटी में हड़कंप मच गया है और लंबे समय से लंबित फाइलों की तेजी से जांच शुरू कर दी गई है।इस पूरे प्रकरण पर यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. अमित देवगन ने कहा कि डीन समेत सभी पदों पर तैनात डॉक्टरों के वेतन संबंधी मामलों की समीक्षा की जा रही है। कुलसचिव जल्द ही रिपोर्ट तैयार कर शासन को सौंपेंगे।

**होम्योपैथिक जागरूकता दिवस** | होम्योशक्ति फाउंडेशन ने केजीएमयू के अटल बिहारी वाजपेई साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कराया कार्यक्रम

# होम्योपैथी से मिला डायलिसिस से छुटकारा, चंगे हो गए गंभीर मरीज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** होम्योपैथी दवा मरीजों को डायलिसिस तक से छुटकारा दिला रही है, अगर इसकी प्रक्रियाओं का मरीज पालन करे तो किडनी ट्रांसप्लांट भी नहीं कराना पड़े। कई मरीजों को डायलिसिस से छुटकारा भी मिल चुका है। ये जानकारी होम्योपैथिक जागरूकता दिवस पर जानकीपुरम के हॉलिस्टिक हेल्थ केयर की किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्चना श्रीवास्तव ने दी।

केजीएमयू के अटल बिहारी वाजपेई साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होम्योशक्ति फाउंडेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में डॉ. अर्चना कहा कि किडनी फेलियर की स्थिति में मरीज और उनका परिवार निराशा और डर के बीच फंस जाता है। ऐसे ही कुछ मरीजों ने होलिस्टिक हेल्थकेयर क्लिनिक की मदद से नया जीवन पाया है।

डॉ. अर्चना ने बताया कि अलीगंज निवासी विपिन त्यागी का क्रिएटिनिन स्तर 12.2 एमजी/डीएल तक पहुंच गया था। चिकित्सकों ने उन्हें तत्काल डायलिसिस की सलाह दी, लेकिन उन्होंने परिचित के सुझाव पर होलिस्टिक हेल्थकेयर क्लिनिक से संपर्क किया। चार महीने के नियमित और समग्र उपचार के बाद उनके क्रिएटिनिन स्तर में उल्लेखनीय कमी आई। वह न केवल डायलिसिस से बच बल्कि आज सामान्य जीवन जी रहे हैं।



डॉ. अर्चना श्रीवास्तव।

गोरखपुर निवासी शीला टंडन को दो वर्षों से सप्ताह में दो बार डायलिसिस करानी पड़ रही थी। लगातार डायलिसिस के कारण उनका वजन घट गया था, अत्यंत कमजोरी के कारण बिस्तर तक सीमित हो गई थीं। डॉक्टरों ने किडनी ट्रांसप्लांट की सलाह तक दे दी थी। आर्थिक कमजोर परिवारो ट्रांसप्लांट की सलाह ने मानसिक रूप से परेशान कर दिया। होम्योपैथी उपचार से लगभग छह महीने बाद स्वास्थ्य में सुधार आया। आज शीला बिना डायलिसिस स्वस्थ जीवन जी रही हैं। होम्योपैथिक इलाज न केवल रोग के लक्षणों पर काम करता है, बल्कि पूरे शरीर के संतुलन को सुधारकर मरीज को समग्र लाभ प्रदान करता है। विशेषज्ञों के अनुसार सही मार्गदर्शन और समग्र उपचार पद्धति के माध्यम से कई गंभीर किडनी स्थितियों में भी सुधार संभव है।

### उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया चिकित्सकों को सम्मानित



डॉ. राम रतन बनर्जी को सम्मानित करते उप मुंख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, साथ में अन्य।

**अमृत विचार, लखनऊ :** होम्योपैथिक जागरूकता दिवस पर सैमुअल हैनीमैन की जयंती भी मनाई गई। इसमें उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कई चिकित्सकों को सम्मानित किया। उन्हेंने कहा कि होम्योपैथी के प्रति लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है और इसकी दवाएं बिना दुष्प्रभाव के असरदार साबित हो रही हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि होम्योपैथी लक्षणों पर आधारित चिकित्सा पद्धति है, जिससे मरीज के जल्दी स्वस्थ होने की संभावना बढ़ती है। उन्होंने इस क्षेत्र में और अधिक शोध की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे लोगों का भरोसा और मजबूत होगा। विधान परिषद सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि होम्योपैथिक दवाएं रक्त में ऑक्सीजन बढ़ाने में सहायक हो सकती हैं। ये पद्धति दुनिया भर में करोड़ों लोगों के जीवन का हिस्सा बन चुकी है। विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा ने दावा किया कि होम्योपैथी से ऑटिज्म, मानसिक रोग और सिजोफ्रेनिया जैसी जटिल बीमारियों में भी नियंत्रण पाया जा सकता है। महापौर सुषमा खर्कवाल ने भी संबोधित किया। डॉ. उमंग खन्ना की पुस्तक ''द लेगेसी ऑफ इंडिया'' का विमोचन भी किया गया।

### होम्योपैथिक सप्ताह का समापन आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर गोमती नगर स्थित राजकीय नेशनल होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय द्वारा आयोजित होम्योपैथी सप्ताह का समापन शुक्रवार को किया जाएगा। इस 10 दिवसीय आयोजन का समापन राष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिकों की उपस्थिति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ होगा। मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शामिल होंगे। विधान परिषद सदस्य, विधायक, आयुष विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और होम्योपैथी क्षेत्र के कई प्रख्यात विशेषज्ञ भी मौजूद रहेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विजय कुमार पुष्कर ने बताया कि समापन अवसर पर एक विशेष वैज्ञानिक सत्र भी होगा।

# शिव मंदिर की जर्जर दीवार ढही चार माह के मासूम की दबकर मौत

## झोपड़ी में पालने में सो रहा था बच्चा, डेढ़ घंटे चला रेस्क्यू ऑपरेशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डंडइया बाजार स्थित पुराने हनुमान मंदिर के सामने शिव मंदिर की जर्जर दीवार गुरुवार को भरभराकर गिर गई। दीवार पास की झोपड़ी पर गिरी, जिसमें पालने में सो रहा चार माह का मासूम दब गया। सूचना पर पहुंची अलीगंज पुलिस, दमकल और नगर निगम की टीम ने करीब डेढ़ घंटे रेस्क्यू कर बच्चे को बाहर निकाला, लेकिन अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

मूल रूप से सीतापुर के मिश्रिख निवासी मेवालाल का परिवार चौधरी टोला में झुग्गी बनाकर रहता है। उनका बेटा गजोधर पास में ही परिवार के साथ रहता है। गुरुवार सुबह गजोधर काम पर गया था, जबकि उसकी पत्नी संध्या बच्चों के साथ झोपड़ी में थी। उसने चार माह के बेटे रूपलाल उर्फ रतन को दूध पिलाकर पालने में सुला दिया। इसी दौरान दो वर्षीय बेटी को पकड़ने के लिए वह बाहर निकली, तभी मंदिर की करीब आठ फीट ऊंची दीवार गिर गई और मासूम मलबे में दब गया।

स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से बच्चे को निकालकर पहले भाऊराव देवरस अस्पताल और फिर केजीएमयू ट्रामा सेंटर भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा है। इंस्पेक्टर ध्रुव कुमार के मुताबिक दीवार काफी जर्जर थी, फिलहाल कोई तहरीर नहीं मिली है।

- डंडइया बाजार स्थित पुराने हनुमान मंदिर के सामने हुई घटना



### झुग्गियां बाउंड्री के पास शिफ्ट होने से बढ़ा खतरा

- स्थानीय पार्षद मान सिंह यादव के अनुसार मंदिर परिसर में निजी स्कूल के चलते झुग्गियों को बाउंड्री के पास शिफ्ट किया गया था। जर्जर दीवार के पास रहने से हादसा हुआ। यहां करीब 15 परिवार रह रहे हैं।

### रेस्क्यू में दो लोग घायल

- मलबे से बच्चे को निकालने के दौरान नंदा और सौरभ के पैर में चोट आई। स्थानीय लोगों के मुताबिक दीवार करीब 15 वर्ष पुरानी थी और पानी लगने से कमजोर हो गई थी।

### मन्नतों के बाद हुआ था बेटा

- परिजनों के अनुसार गजोधर और संध्या की तीन बेटियों के बाद रूपलाल का जन्म हुआ था। जन्म के बाद उसकी तबीयत खराब रहने पर इलाज में परिवार कर्ज में डूब गया था।



घटना स्थल पर पहुंचे विधायक डॉ. नीरज बोरा। अमृत विचार

### विधायक ने परिवार को सहायता दिलाने का दिया आश्वासन

**अमृत विचार, लखनऊ :** घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक डॉ. नीरज बोरा मौके पर पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ित परिवार को शासन स्तर से हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाए। अधिकारियों का कहना है कि दीवार गिरने के कारणों का पता लगाया जा रहा है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। विधायक ने कहा पीड़ित परिवार की हर संभव मदद की जाएगी।

# रुपयों के लेनदेन के विवाद में छात्र ने फंदे से लटककर दी जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** मानकनगर के रामनगर इलाके में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे क्रिकेटर विशाल सिंह (23) ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवारवालों ने रुपये के लेनदेन के विवाद में आत्महत्या की आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। वह अंडर 16 का ट्रायल भी दे चुका था। पुलिस ने कमरे में छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला।

एसओ मानकनगर अजीत कुमार ने बताया कि रामनगर निवासी विशाल सिंह बीए करने के बाद प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। बुधवार सुबह वह दूसरी मंजिल पर कमरे में चला गया। दोपहर में दादी खाना खाने के लिए बुलाने पहुंची तो विशाल का शव फंदे से लटका देखकर चींख पड़ी। शोर सुनकर घरवाले पहुंचे आनन फानन में फंदे से विशाल को उतार कर लोकबंधु अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने विशाल को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

चाचा विनय सिंह ने बताया कि सुबह विनय का एक दोस्त से मिलने के लिए था। वह मिलकर आने के बाद ऊपर कमरे में गया और खुदकुशी कर ली। दोस्त से उसका रुपयों के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। आशंका है कि इसी कारण भतीजे ने आत्महत्या की है। एसओ ने बताया कि विशाल के घरवालों ने कोई लिखित में तहरीर अभी नहीं दी है। तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

- लेफ्ट आर्म गेंदबाज था, दिया था अंडर 16 का ट्रायल



- मानकनगर के रामनगर इलाके की घटना

### अंडर 16 का दिया था ट्रायल

- पिता दिनेश ने बताया कि बेटा विशाल क्रिकेट बहुत अच्छा खेलता था। वह लेफ्ट आर्म गेंदबाज था और उसने अंडर 16 का ट्रायल भी दिया था। ट्रायल देने के बाद कोविड शुरू हो गया था। फिर बेटे को मौका ही नहीं मिला। जिसके बाद उसका क्रिकेट से मन हट गया था। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने लगा था।

### आरटीओ में ओटीटी डेटा फीडिंग में लापरवाही 75 से अधिक वाहन प्रभावित

**अमृत विचार , लखनऊ :** ट्रांसपोर्टनगर स्थित आरटीओ कार्यालय में ओटीटी (वन टाइम टैक्स) योजना के तहत डेटा फीडिंग में गंभीर लापरवाही उजागर हुई है। वर्ष 1995 में पंजीकृत मालवाहक वाहन यूपी 32 टी 1041 का टैक्स पोर्टल पर केवल एक रुपया दिखाई दिया, जिसे रिबेट के बाद शून्य कर दिया गया। इसी तरह 75 से अधिक वाहनों का ओटीटी शून्य से 2025 रुपये तक ही बन रहा है। एआरटीओ प्रशासन पीके सिंह ने समीक्षा में पाया कि ''वाहन-4'' सॉफ्टवेयर पर इन वाहनों का क्रय मूल्य गलत दर्ज होने के कारण टैक्स की गणना त्रुटिपूर्ण हो रही थी। कम टैक्स देखकर कई मालिकों ने इसे तुरंत जमा भी कर दिया। विभाग ने प्रभावित सभी वाहनों को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। प्राथमिक जांच में पता चला कि ऑफलाइन डेटा को ऑनलाइन ट्रांसफर करते समय कार्यालय स्तर पर गलतियां हुईं। प्रशासन ने अपर परिवहन आयुक्त (आईटी) को पत्र लिखकर सुझाव दिया है कि ऐसे मामलों में टैक्स प्रक्रिया ऑनलाइन की बजाय मैनुअल तरीके से पूरी की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी त्रुटियां न हों।

## सिटी ब्रीफ

### बैंक प्रतिनिधि बनकर बुजुर्ग से ठगे 9.98 लाख रकम कराई वापस

**अमृत विचार, लखनऊ :** बैंक प्रतिनिधि बनकर इंटरनेट बैंकिंग के जरिए रिटायर्ड सरकारी कर्मी से ठगे गए 9.98 लाख रुपये की पूरी रकम वापस करा दी गई। एडीसीपी क्राइम किरन यादव ने बताया कि राजाजीपुरम ई-ब्लॉक निवासी राजीव वर्मा का खाता एसबीआई में है। 23 अगस्त 2025 को पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। बताया था कि साइबर ठगों ने कॉल की। एसबीआई योनो अपडेट के नाम पर बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी हासिल की। उसके बाद खाते से कई बार में 9,98,012 रुपये ट्रांसफर करा लिए थे। मामले में इंस्पेक्टर साइबर थाना बृजेश कुमार यादव व उनकी टीम ने जांच शुरु की। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए पूरी धनराशि रिकवर कर पीड़ित के खाते में वापस दिला दी।

### मुख्यमंत्री पर आपत्तिजनक पोस्ट सपा नेता पर केस

**अमृत विचार, लखनऊ :** सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री की फोटो एडिट कर आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने के आरोप में हजरतगंज कोतवाली में सपा नेता आईपी सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। नरही निवासी धर्म सिंह की तहरीर के अनुसार आईपी सिंह ने अपने एक्स (ट्विटर) हैंडल से मुख्यमंत्री की फोटो को एडिट कर डांस वीडियो पोस्ट किया। पोस्ट में मंत्री और विधायकों पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए गए, जिन्हें शिकायतकर्ता ने भ्रामक और निराधार बताया है। तहरीर में कहा गया कि इस पोस्ट के जरिए सरकार की छवि धूमिल करने और समाज में वैमनस्य फैलाने का प्रयास किया गया। इससे लोगों की भावनाएं आहत हुईं और शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। शिकायतकर्ता ने पोस्ट के स्क्रीनशॉट भी पुलिस को सौंपे हैं। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि साइबर सेल की मदद से जांच की जा रही है।

### नशे में दौड़ाई कार ग्रीन कॉरिडोर चौराहे से टकराई

**अमृत विचार, लखनऊ :** सर्वोदय नगर की तरफ से आ रही बेकाबू कार बुधवार देर रात एक बजे ग्रीन कॉरिडोर के चौराहे में बाउंड्री तोड़ते हुए क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची गोमतीनगर पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। इंस्पेक्टर गोमतीनगर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि सर्वोदयनगर की तरफ से आ रही कार (यूपी 32 पीएस 6042) फर्राटे में थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार में दो लोग सवार थे और चालक ने शराब पी रखी थी। चालक की हालत ऐसी थी कि वह उल्टी भी कर रहा था। इसी दौरान अचानक कोई वाहन सामने आया। उसे बचाने के प्रयास में चालक नियंत्रण खो बैठा और रफ्तार अधिक होने के कारण कार अनियंत्रित होकर ग्रीन कॉरिडोर के चौराहे की बाउंड्री तोड़ते हुए चढ़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से हटवाया गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि कार चला रहे युवक की पहचान आलमबाग के कैलाशपुरी निवासी आदित्य कुमार के रूप में हुई है। उसके साथ दोस्त बैठा था।

### जमीन बेचने के नाम पर ठगे 7.88 लाख

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बिजनौर थाना क्षेत्र में जमीन बेचने के नाम पर एक व्यक्ति से जालसाजों ने 7 .88 रुपये ऐंठ लिए। डीसीपी साउथ अमित कुमार आनंद के आदेश पर बिजनौर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। गोमतीनगर विस्तार के छोटा भरवारा स्थित राधे विहार कॉलोनी निवासी नीरज कुमार सिंह ने बताया कि 1 अप्रैल 2021 को बिजनौर के परवर पश्चिम स्थित बलसिंह खेड़ा निवासी सतीश यादव व सतेन्द्र यादव से करीब 2 बीघा 5 बिस्वा जमीन खरीदने का 67 .50 लाख रुपये में सौदा हुआ था। आरोप है कि उन्होंने किस्तों में करीब 7 .88 लाख रुपये का भुगतान किया। साथ ही जमीन की नाप और सड़क निर्माण सहित अन्य खर्च भी वहन किये। सहमति बनी थी कि शेष भुगतान के बाद रजिस्ट्री कर दी जाएगी। पीड़ित का आरोप है कि अक्टूबर 2025 से आरोपी ने रजिस्ट्री के नाम पर टालमटोल शुरु कर दी। इसी दौरान उन्हें जानकारी मिली कि उक्त जमीन पर पहले से पारिवारिक विवाद चल रहा है और आरोपियों द्वारा अन्य लोगों को भी जमीन बेची जा रही है। इसपर पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने धमकाया। बिजनौर पुलिस ने तहरीर पर सतीश यादव व सतेंद्र यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# जमीन दिलाने के नाम पर बुलाया लूटे 14 लाख, एक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जमीन दिलाने का झांसा देकर गोरखपुर के युवक से 14 लाख रुपये की डकैती करने वाले गिरोह के एक और आरोपी को गाजीपुर पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से 21 हजार रुपये बरामद हुए हैं। पुलिस अब तक दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 1.71 लाख रुपये बरामद कर चुकी है, जबकि चार अन्य की तलाश जारी है।

एसीपी गाजीपुर अनिद्य विक्रम सिंह के अनुसार गिरफ्तार आरोपी कार्तिक प्रताप सिंह रायबरेली के बछरावां का निवासी है और वर्तमान में गोमतीनगर विस्तार में रह रहा था। पूछताछ में उसने बताया कि उसके हिस्से में एक लाख रुपये आए थे, जिसमें से 79 हजार रुपये कर्ज चुकाने व अन्य खर्चों में खर्च कर दिए।

- अब तक दो गिरफ्तार, 1.71 लाख बरामद, चार आरोपियों की तलाश

गोरखपुर के कूड़ाघाट निवासी विश्वजीत सिंह ने बताया कि गाजीपुर निवासी रमेश से जमीन खरीदने की बातचीत चल रही थी। 27 मार्च को वह साथी रितेश के साथ लखनऊ आए थे। आरोपियों ने उन्हें इंदिरानगर स्थित एक कैफे के पास बुलाया, जहां घेरकर कार में रखा 14 लाख रुपये से भरा बैग लूट लिया और फरार हो गए।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल नंबरों के आधार पर 29 मार्च को सृजन पांडेय को गिरफ्तार किया गया था। अन्य आरोपी सिद्धार्थ उर्फ सिद्धू, नासिर, विशाल और रोहित सिंह की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

# बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से मृत महिला के खाते से निकाले 10 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** इंडियन बैंक की स्वास्थ्य भवन शाखा पर गंभीर अनियमितता का आरोप लगा है। पीड़ित का आरोप है चालक ने बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से दिवंगत भाभी के खाते से 10 लाख रुपये गायब कर दिए। पीड़ित ने बैंक में शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। एडीसीपी पश्चिम धनंजय कुशवाहा के निर्देश पर वजीरगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

राजेंद्र नगर निवासी यतेंद्र कुमार पंत ने बताया कि उनकी भाभी गीता पंत का निधन 6 मई 2021 को हो गया था। भाभी के निधन से पहले भाई देवेंद्र का स्वर्गवास हो चुका था।

- एडीसीपी पश्चिम के आदेश पर वजीरगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज



दोनों की मृत्यु के बाद उनके ड्राइवर पवन पर संपत्ति में धोखाधड़ी करने का आरोप लगा था। जिसकी रिपोर्ट 8 मई 2022 को पारा थाने में दर्ज कराई गई थी। पीड़ित ने बताया कि 30 मई 2022 को उन्होंने इंडियन बैंक की स्वास्थ्य भवन शाखा में लिखित प्रार्थना पत्र देकर भाभी के खाते को बंद (स्टॉप) कराने का अनुरोध किया था। शाखा प्रबंधक ने उसी समय खाते को बंद करने का आदेश दिया। उस समय खाते में उस समय 28,11,546 रुपये बैलेंस दिखाया गया था।

न्यायालय में लंबित उत्तराधिकार प्रकरण के दौरान बैंक द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में खाते में लगभग 18 लाख रुपये ही दिखाए गए। आरोप है कि खाता बंद होने के बाद भी पवन ने बैंककर्मियों की मिलीभगत से 10 लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित का कहना है कि 13 दिसंबर 2024 को भी शाखा में शिकायत दी गई। कई बार बैंक प्रबंधक से शिकायत की लेकिन कुछ नहीं हुआ। बल्कि उनके साथ अभद्रता की गयी। पीड़ित यतेंद्र ने एडीसीपी पश्चिम से मुलाकात कर शिकायत की। शुरुआती जांच में आरोप सही मिलने पर वजीरगंज पुलिस ने पवन और अज्ञात बैंककर्मियों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# वैवाहिक समारोह में रुपये से भरा बैग उड़ाने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऐशबाग स्थित रामलीला मैदान में शादी समारोह के दौरान रुपयों से भरा बैग चोरी करने वाले आरोपी को बाजारखाला पुलिस ने गुरुवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से 2.34 लाख रुपये और दो ब्लैंक चेक बरामद किए हैं।

इंस्पेक्टर बृजेश कुमार सिंह के अनुसार 4 फरवरी को न्यू तिलकनगर निवासी विनय सिंह की बहन की शादी रामलीला ग्राउंड में थी। द्वारचार और तिलक के दौरान समारोह में मौजूद लोगों के बीच से चोर साढ़े चार लाख रुपये से भरा बैग लेकर फरार हो गया था। पीड़ित ने 9 फरवरी को मामला दर्ज कराया था।

पुलिस ने मामले की जांच के दौरान शादी की वीडियो और फोटो के साथ ही 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद फोटोग्राफर की कैमरा फुटेज खंगालने पर एक संदिग्ध युवक आयोजक के पास मंडराता और बाद में तेजी से निकलता दिखाई दिया। इसी आधार पर आरोपी की पहचान की गई।

- 2.45 लाख रुपये व दो ब्लैंक चेक बरामद

गुरुवार को पुलिस ने मो. फैसल निवासी सआदतगंज को ऐशबाग गुड्स रोड से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह शादी समारोहों में शामिल होकर मौका पाकर बैग चोरी करता था।

सीसीटीवी से सुराग न मिलने पर फोटोग्राफर की फुटेज में आरोपी की पहचान हुई, जिससे पुलिस उसे पकड़ने में सफल रही।

# ग्रीन गैस अधिकारियों की फर्जी शिकायतें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ग्रीन गैस लि. के अधिकारियों को बदनाम करने के लिए फर्जी पहचान पत्र का प्रयोग कर ईमेल आईडी बनाई। मंत्रालय व विभाग में कई शिकायतें की। जिसमें अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाये। जानकारी होने पर ग्रीन गैस लि. के मुख्य प्रबंधक (आईटी) नीरज त्रिपाठी ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ग्रीन गैस लि. कंपनी के मुख्य प्रबंधक (आईटी) नीरज त्रिपाठी के मुताबिक विभिन्न ईमेल आईडी से ग्रीन गैस लिमिटेड के अधिकारियों के खिलाफ निराधार और भ्रामक शिकायतें भेजी जा रही हैं। इन ईमेल्स को कई सरकारी मंत्रालयों और विभागों को भी भेजा गया। जिससे कंपनी की छवि की खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। शुरूआती जांच में सामने आया कि जिन लोगों के नाम से शिकायतें भेजी गईं। सभी ने इस तरह की शिकायतें करने से साफ मना कर दिया। इससे साफ है कि अज्ञात साइबर अपराधी लोगों की पहचान का दुरुपयोग कर फर्जी ई-मेल भेज रहे हैं। 25 जून 2025 को ramratanbasti@rediffmail.com आईडी से कंपनी के प्रबंध निदेशक समेत कई सरकारी अधिकारियों को ईमेल भेजा गया। इसमें खुद को बस्ती जिले के निवासी राम रतन बताया गया था। जब कंपनी की टीम ने जांच की तो संबंधित व्यक्ति ने ऐसी किसी ईमेल या शिकायत से मना कर दिया। तकनीकी जांच में सामने आया कि जिस आईपी एड्रेस से शिकायतें भेजी गई वह बीएसएनएल से जुड़ी है। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच साइबर क्राइम की टीम के सहयोग से जांच की जा रही है।

- ग्रीन गैस लि. को बदनाम करने की साजिश, एफआईआर

# कमरे में घुसा मकान मालिक छात्रा से दुष्कर्म का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** हसनगंज इलाके में मकान मालिक ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही किराएदार के कमरे में रात में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध पर आरोपी ने लाइट बंद कर अश्लील हरकत करते हुए धमकाया। किसी तरह धक्का देकर छात्रा ने बाहर भागकर इज्जत बचायी। हसनगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

मूल रूप से लखीमपुरखीरी निवासी 20 वर्षीय पीड़िता डालीगंज में किराए पर रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है। 4 अप्रैल की रात पीड़िता कमरे में पढ़ाई कर रही थी। देर रात करीब 12 बजे मकान मालिक मोहित अग्रवाल ने दरवाजा खटखटाया। पीड़िता ने दरवाजा खोला तो मोहित धक्का देकर अंदर घुसा और लाइट बंद कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने हाथ पकड़कर दुष्कर्म का प्रयास किया।

- विरोध पर दी धमकी, हसनगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

किसी तरह हिम्मत जुटाकर छात्रा ने धक्का दिया और मोहित के चंगुल से छूटकर बाहर भागी। मोहित ने पुलिस में शिकायत करने पर बदनाम करने और जान से मारने की धमकी दी। लोकलज्जा के चलते पीड़िता सहम गयी। हिम्मत जुटाकर पीड़िता ने अगले दिन रात में हसनगंज कोतवाली पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मोहित अग्रवाल के खिलाफ छेड़छाड़ और धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### महिला से रिश्तेदार ने की छेड़छाड़, फटा बुर्का

**अमृत विचार , लखनऊ :** अमीनाबाद निवासी 42 वर्षीय महिला के अनुसार, उसके मामा कश्मीरी मोहल्ला स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। डिस्चार्ज होने के बाद वह 3 अप्रैल की रात करीब नौ बजे उनका हालचाल लेने पहुंची थी। बातचीत के दौरान रिश्तेदार जफर इकबाल ने उसे आंगन के पास बुलाया और कथित रूप से गलत तरीके से छूने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए धक्का-मुक्की की और हाथ पकड़कर खींचा, जिससे बुर्का फट गया। पीड़िता के शोर मचाने पर उसने डायल-112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस के दौरान आरोपी के बेटे हैदर ने पेट पर लात मारी और भाग निकला। आरोप है कि आरोपी की पत्नी ने भी अभद्रता की। बाद में 7 अप्रैल को पीड़िता ने सआदतगंज कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई।

# क्रिप्टो निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी, सरगना गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** क्रिप्टो करेंसी और विदेशी मुद्रा में निवेश का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के सरगना को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। आरोपी जतींद्र राम, निवासी यमुनानगर (हरियाणा), को सहारनपुर के दिल्ली रोड स्थित कोलाबा रेस्टोरेंट के पास से पकड़ा गया। उसके खिलाफ गाजियाबाद के मसूरी थाने में पहले से मुकदमा दर्ज था और उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

एसटीएफ के एएसपी राकेश के अनुसार, "सी-प्राइम कैपिटल" नामक ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी के जरिए लोगों को भारी मुनाफे का लालच देकर ठगा जा रहा था। आगरा एसटीएफ यूनिट को जांच सौंपी गई थी। पूछताछ में सामने आया कि जतींद्र राम अपने साथियों मोहित राणा, गौरव सिंह और गीता हजारिका के साथ मिलकर गिरोह चला रहा था। गिरोह ने "एजूकेण्डल" नाम से देहरादून में रजिस्टर्ड एक ट्रेडिंग प्रशिक्षण संस्था भी बना रखी थी, जिसके माध्यम से सेमिनार और सोशल मीडिया के जरिए लोगों को जोड़ा जाता था।

- गिरोह ने जुटाए 800 करोड़ का फंड, सदस्यों की कुंडली खंगाल रही एसटीएफ



- सहारनपुर के दिल्ली रोड स्थित कोलाबा रेस्टोरेंट के पास से दबोचा

गिरोह लोगों से 50 हजार रुपये या उससे अधिक की रकम निवेश के नाम पर कैश में लेता था और एमटी-5 एप पर आईडी देकर फर्जी मुनाफा दिखाता था, जबकि पूरा नियंत्रण गिरोह के पास रहता था। जांच में खुलासा हुआ कि ठगी की रकम को क्रिप्टो करेंसी में बदलकर दुबई और मॉरिशस के खातों में भेजा जाता था और वहां संपत्ति खरीदी जाती थी।

एसटीएफ के अनुसार गिरोह में करीब 3500 एजेंट सक्रिय थे, जिन्होंने 30 हजार से अधिक फर्जी आईडी के जरिए देशभर से लगभग 800 करोड़ रुपये जुटाए। काले धन को सफेद करने के लिए शेल कंपनियों का भी इस्तेमाल किया गया। फिलहाल एसटीएफ अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# चाइनीज लोन एप से वसूली करने का आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रतिबंधित चाइनीज लोनिंग एप के जरिए बेरोजगार युवकों को ब्लैकमेल कर ठगी करने वाले गिरोह के सरगना को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। आरोपी सौरभ मिश्रा, निवासी उत्तमनगर (नई दिल्ली), को रायबरेली के गदागंज-ऊंचाहार मार्ग स्थित दौलतपुर गांव के पास से पकड़ा गया। उसके पास से दो मोबाइल, एक कार और 20 हजार रुपये नकद बरामद हुए हैं।

एसटीएफ के एएसपी अमित नागर के अनुसार आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। पूछताछ में उसने बताया कि बीसीए करने के बाद वर्ष 2020 में वह कई प्रतिबंधित चाइनीज लोन एप में रिकवरी एजेंट के रूप में काम करता था। इन एप के जरिए लोगों को ऊंचे ब्याज पर लोन देकर उनका निजी डेटा एकत्र किया जाता था।

आरोपी लोगों की निजी जानकारी और फोटो का इस्तेमाल कर उन्हें बदनाम करने की धमकी देता था और सीबीआई जैसी एजेंसियों का डर दिखाकर रकम ऐंठता था। एक मामले में उसने 2021 से 2025 के बीच करीब एक करोड़ रुपये वसूले। जांच में यह भी सामने आया कि वह ऑनलाइन सट्टेबाजी में नुकसान के बाद अवैध वसूली में सक्रिय हुआ।

एसटीएफ के अनुसार आरोपी लोन ब्रो, सुता लोन, रॉयल कैश, यूकैश, कैशमार्ट समेत कई प्रतिबंधित एप का रिकवरी एजेंट रह चुका है। फिलहाल उसे ऊंचाहार थाने में दर्ज मामले में कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

- एसटीएफ ने रायबरेली के गदागंज-ऊंचाहार मार्ग पर दौलतपुर गांव से दबोचा



- बेरोजगार युवकों को निशाना बनाकर एक करोड़ से अधिक ठगे

# निवेश पर मोटे मुनाफे का लालच देकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शेयर बाजार और आईपीओ में निवेश पर तीन से चार गुना रिटर्न दिलाने का झांसा देकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा एसटीएफ ने किया है। गिरोह के मुख्य आरोपी रुपेश भारद्वाज को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से फर्जी आधार कार्ड, चार मोबाइल फोन, पैन कार्ड, बैंक पासबुक और बैंक स्टेटमेंट बरामद हुए हैं। आधार कार्ड पर फोटो आरोपी का था, जबकि नाम किसी अन्य व्यक्ति का दर्ज था।

- शेयर बाजार व आईपीओ में निवेश पर तीन से चार गुना रिटर्न का देते थे भरोसा



एसटीएफ के एएसपी राजकुमार मिश्रा के अनुसार आरोपी गाजियाबाद का निवासी है। सेबी से मिली शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ ने उसे पकड़ा। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने "एक्स ट्रेडर्स एंटरप्राइजेज" के नाम से कंपनी बनाकर निवेश के नाम पर लोगों से पैसा जुटाया। कंपनी सेबी में पंजीकृत नहीं थी और फर्जी शेयर सर्टिफिकेट दिए जाते थे।

एनसीआरपी पोर्टल पर जांच में आरोपी के खिलाफ छह राज्यों में करीब 14 साइबर ठगी के मामले दर्ज मिले हैं। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## सिटी ब्रीफ

### भोजपुरी समाज का स्नेह मिलन कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय के नेतृत्व में 11 अप्रैल को कैंट विधानसभा क्षेत्र स्थित सामुदायिक केंद्र 40 क्वार्टर आलमबाग में स्नेह मिलन, भोजपुरी भोज, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सुबह 11 बजे करेंगे। अध्यक्षता नॉर्दन रेलवे मेंस यूनियन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा करेंगे। राष्ट्रीय महासचिव मनोज सिंह, वेद प्रकाश राय विशेष आमंत्रित सदस्य रहेंगे। कार्यक्रम के संयोजक अदित सिंह और सह संयोजक कपिल देव कुशवाहा, विक्रम कुशवाहा और लोकेश मिश्रा हैं। कार्यक्रम प्रभारी वीरेंद्र कुमार व सुरेंद्र कुमार तथा स्वागत समिति में धनंजय शर्मा, रंजन सिंह, रमाकांत राय सहित सैकड़ों पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में अवधेश, अंगद राम ओझा, सुरेश कुशवाह और संजय यादव सहित कई कलाकार प्रस्तुति देंगे। अतिथियों को अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### कथक समारोह परंपरा -2026 कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** कथक नृत्यांगना डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव के निर्देशन में 11 अप्रैल को कथक समारोह परम्परा-2026 का आयोजन कला मंडपम प्रेक्षागृह में शाम 6 बजे से किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव ने इन्दिरा नगर स्थित संस्थान भवन में गुरुवार को परम्परा-2026 संगीत और नृत्य की एक शाम के पोस्टर विमोचन अनुष्ठान में बताया कि इसमें उनके 80 से अधिक शिष्यों की कथक नृत्य की प्रस्तुति होगी। मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी एवं विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद पद्मश्री विद्या बिंदु सिंह होंगी। वरिष्ठ गायिका पद्मा गिडवानी, प्रतिष्ठित तबला वादक पंडित रवि नाथ मिश्रा, लोकप्रिय कथक कलाकार डॉ. मीरा दीक्षित एवं मंजुला पंत सहित वरिष्ठ कवयित्री ज्योति सिन्हा को सम्मानित किया जाएगा। समारोह की प्रथम नृत्य प्रस्तुति में रिदम आफ करेज होगी। दूसरी प्रस्तुति कथक नृत्य नाटिका मां पर आधारित होगी, जिसकी परिकल्पना, लेखन एवं निर्देशन डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव और संगीत निर्देशन बृजेन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने किया है। इस समारोह में लयकारी के तहत शुद्ध कथक नृत्य भी देखने को मिलेगा। प्रकाश संचालन मनीष सैनी का होगा। संचालन वरिष्ठ एंकर डॉ. अलका निवेदन करेंगी।

### गुरु अर्जन देव का प्रकाश पर्व मनाया



**अमृत विचार, लखनऊ :** गुरु अर्जन देव का प्रकाश पर्व 9 अप्रैल को गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा मानसरोवर गुरु तेग बहादर नगर एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड में श्रद्धा के साथ मनाया गया। गुरुद्वारा मानसरोवर के अध्यक्ष सरदार सम्पूर्ण सिंह बग्गा ने बताया कि दीवान की शुरुआत अमृत वेले से नितनेम के पाठ, सुखमनी साहिब के पाठ के साथ हुई। हजूरी रागी हरविंदर सिंह ने आशा दीवार के कीर्तन किये। हेड ग्रंथी ज्ञानी परमजीत सिंह ने संगत को गुरु अर्जन देव महाराज के इतिहास के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि हजूरी रागी हरविंदर सिंह ने रात को दीवान की समाप्ति तक शबद कीर्तन किया। गुरुद्वारा समिति के महासचिव चरणजीत सिंह, सचिव गगनदीप सिंह बग्गा, कोषाध्यक्ष अमरजीत सिंह (पम्मी), परमजीत चन्दर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरिंदर बग्गा, इक़बाल सिंह ने संगतों को गुरु अर्जन देव के प्रकाश पर्व पर उन्हें नमन किया।

### बीफार्मा छात्र को पीटा आठ पर एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में बीफार्मा छात्र ऋषभ शर्मा को सोमवार को स्कार्पियो सवार बदमाशों ने हमला कर दिया। उसकी लाठी-डंडे से पिटाई की। हमले में गंभीर रुप से घायल हो गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। अहिमामऊ निवासी विपिन शर्मा के मुताबिक उनका बेटा ऋषभ शर्मा सरोज इंस्टीट्यूट में बीफार्मा के चौथे सेमेस्टर का छात्र है। 6 अप्रैल को जब ऋषभ कॉलेज गया, तो उसकी क्लास का छात्र विशाल तिवारी, निवासी नरपतगंज, लखनऊ, अपने 8 अज्ञात साथियों के साथ कॉलेज के बाहर सफेद स्कॉर्पियो से आया। लोगों ने ऋषभ के साथ गाली-गलौज और लात-घूंसों, बाल्टी, डंडों से हमला किया था।





भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह में राज बिसारिया प्रेक्षागृह में नाटक मसाज के मंचन के दौरान अलग-अलग मुद्राओं में मशहूर फिल्म अभिनेता राकेश बेदी। अमृत विचार



# ‘धुरंधर’ जमाली ने दिखाया जीवन का सच

## राज बिसारिया प्रेक्षागृह में नाटक मसाज में राकेश बेदी का अभिनय देखने को दो घंटे जमे रहे दर्शक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** फिल्म धुरंधर-2 के जमील जमाली फिल्म अभिनेता राकेश् बेदी भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह में पांचवें दिन राज बिसारिया प्रेक्षागृह में नाटक मसाज में दो घंटे में जिंदगी का सच दिखा गए। अपने अभिनय से दर्शकों को गुदगुदाने के साथ ये बताया कि जीवन में सफलता केवल सपने देखने से नहीं मिलती। सपनों को पूरा करने के लिए उसे लक्ष्य में बदलना पड़ता है। सफलता पाने के लिए मसाज तक करनी पड़ती है। 150 फिल्मों और टेलीविजन कई धारावाहिक में अभिनय कर चुके राकेश ने नाटक मसाज को मंच पर जिंदगी सा जिया। अभिनय इतना जबरदस्त था कि लोग सीढ़ियों और फर्श पर बैठकर पूरे समय बंधे रहे। भीड़ के कारण बड़ी संख्या में लोग अंदर ही नहीं जा पाए। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी और लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने भी नाटक देखा।



नाटक मसाज में अभिनय करते राकेश बेदी। अमृत विचार

विजय तेंदुलकर के नाटक मसाज का मंचन हरबंश सिंह बिष्ट के निर्देशन में किया गया। इसमें धुरंधर-2 में जमील जमाली का किरदार निभाने वाले राकेश बेदी ने मंचन किया। दो घंटे के इस नाटक में उन्होंने दर्शकों ने खूब ठहाके लगाए। नाटक में राकेश बेदी ने आम आदमी की जिंदकी की जद्दोजहद को बहुत अच्छे अंदाज में प्रस्तुत किया। यह नाटक एक बच्चे की सोच से शुरू होता है। बचपन में जहाज देखा तो पायलट बनने का फैसला किया। कुछ बड़ा हुआ तो सैनिक को राष्ट्रपति से मेडल लेते देख सैनिक बनने का मन बनाया, कुछ समय बाद सुनील गावस्कर को खेलते देखा तो क्रिकेटर बनने की ठान ली। समय के साथ उम्र बढ़ी, कुछ नहीं बना पाया तो तय किया कि एक्टर बनूंगा। फिल्म डायरेक्टर कोहली साहब से मिलने गया। कोहली साहब ने अपना चौथा असिस्टेंट डायरेक्टर बना लिया। चौथा असिस्टेंट डायरेक्टर मतलब मुफ्त का कुली। फ़िल्म में एक्टिंग का रोल मिला नहीं, फ़िल्म मिली तो बनी नहीं, बन गई तो रिलीज नहीं हुई, रिलीज हो गई तो चली नहीं। कुछ समय बाद कोहली साहब ने सर दबाने को कहा। उनका सर दबाया तो उन्हें मजा नहीं आया। उन्होंने मुझे बिठाकर मेरा सर दबाया तो मुझे इतना मजा आया कि मैं सो गया। उन्होंने मुझे जगाकर मुझसे सर की मसाज कराई।

सर से शुरू होकर मैं उनके पूरे शरीर की मसाज करने लगा। फिल्म डायरेक्टर से फिल्म तो नहीं मिली मसाज करने का सलीका मिल गया। आगे चलकर यही काम बन गया। पूरे शहर में नाम हो गया। बड़े-बड़े लोग बुलाने लगे। केन्द्रीय मंत्री आते तो अपने मसाज के लिए बुलाते। चलने के लिए हीरो हांडा खरीद ली। घर की जरूरत की चीजें आ गईं।

### गुंडों को देख न जाने कहां से आई हिम्मत

- नाटक में किसी का मसाज करके लौटते वक्त एक लड़की को घसीटकर कार में लादते हुए गुंडों को देखा तो न जाने कहां से हिम्मत आ गई। उन्हें ललकारा तो गुंडे भाग गए। उस लड़की को रात में सहारा देने के लिए घर लाया तो जीवन संगिनी बन गई। रहने वाला कमरा घर में वदल गया। एक रात एक वकील मिला। पत्नी को छोड़ने की धमकी दी। उसे किसी और की पत्नी बताया। घर पहुंचा तो पत्नी को देखकर अहसास हुआ कि उसे भी धमकाया गया था। पत्नी ने घर छोड़ दिया ताकि उसे सहारा देने वाला सुरक्षित रह जाए। जिन्दगी की फिल्म की हीरोइन फिल्म छोड़कर चली गई थी। जिन्दगी में फिर अंधेरा सामने था।

# बूढ़ी काकी के दर्द ने नम कर दीं दर्शकों की आंखें

नाटक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह में गुरुवार को नाटक बूढ़ी काकी का मंचन किया। इसमें दिखाया गया कि संपत्ति नाम होते ही भतीजे ने बूढ़ी काकी को बेगाना कर दिया, अपने बेटे की शादी में उन्हें कोठरी में बंद कर दिया खाना तक नहीं दिया। भूख से बेहाल काकी को आधी रात के बाद मेहमानों जूठे पत्तल चाटता देख भतीजे की पत्नी का दिल पिछले गया। उसने न केवल काकी को थाली में भोजन दिया बल्कि जीवन भर सेवा का वादा भी वादा भी किया।

आजमगढ़ की ओर से मुंशी प्रेमचन्द की कहानी पर आधारित नाटक का निर्देशन अभिषेक पंडित ने किया। इसमें दिखाया गया कि जब तक संपत्ति बूढ़ी काकी के नाम थी तब तक परिवार भतीजा उन्हें सर आंखों पर रखता है। जीवन भर सेवा का वादा किया तो बूढ़ी काकी ने अपनी सारी जायदाद भतीजे के नाम कर दी। इसके बाद ही भतीजे का स्वभाव बदल गया। काकी फालतू की चीज बन गईं। भतीजे के परिवार में विवाह हुआ तो उन्हें कोठरी से न निकलने की हिदायत दी गई। वह कोठरी में बैठी रहीं और बाहर मेहमान खाते-पीते रहे, ठहाके लगाते रहे। कोठरी तक पूड़ी-सब्जी की खुशबू जा रही थी, लेकिन काकी के पेट में चूहे कूद रहे थे। वो थक गईं तो कोठरी से बाहर निकलीं, उन्हें बेइज्जत कर दोबारा कोठरी में ढकेल दिया गया। जब रात लगभग ढल गई तो बूढ़ी काकी कोठरी से बाहर निकलीं और मेहमानों की उन पत्तलों को चाटने लगीं जिसमें थोड़ा-थोड़ा खाना बचा था।



मुंशी प्रेमचन्द की कहानी पर आधारित नाटक बूढ़ी दादी का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

ये देख भतीजे की पत्नी दुखी हो गई। उसने थाली में खाना लाकर दिया, खूब माफी मांगी। कहा, काकी सब आपका है। मगर काकी तो थाली देखकर टूट पडीं, भूख के आगे सारा अपमान बह गया। दिल को छू लेने वाले इस नाटक में ममता पंडित, डॉ. अलका सिंह, नेहा ऋद्धि मित्रा, शिवा कुमार यादव, अंगद कश्यप, सत्यम कुमार, राहुल यादव, हर्ष मौर्य और आदित्य अभिषेक ने शानदार अभिनय किया।

### सुचरिता दास गुप्ता के उपशास्त्रीय गायन ने बांधा समां



- **अमृत विचार, लखनऊ :** भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह में 5वें दिन बीएम शाह प्रेक्षागृह में वाराणसी की शास्त्रीय गायिका सुचरिता दास गुप्ता ने उप शास्त्रीय गायन से समां बांध दिया। उन्होंने का करूं गुइयां... को मनोहारी अंदाज में सुनाया। उन्होंने ये ही ठेइयां मोतिया हे रामा, ढूंढत-ढूंढत बौराय गई रामा, सासु से पुछ ली ननदिया से पुछ ली देवरा से पूछा तन जाय गई रामा... को लोगों ने बड़े मन से सुना। कोयल तोहरी बोलिया ..., आज काहे बोले आधी रतिया हो रामा..., सैयां न आये सूनी अटरिया, हमारी अटरिया आ जा रे सांवरिया, देखा देखी सलीका होई जाए। हम तुम हैं भोले जग है जुल्मी, प्रीत को पाप कहे अधर्मी, जग हसी हो तो तुम न हंसियो, तुम तुम हंसियो तो जुलुम होइ जाए के जरिये उन्होंने नायक-नायिका की बातचीत को शानदार अंदाज में प्रस्तुत किया। तबले पर पंडित ललित कुमार, हारमोनियम पर पंडित पंकज मिश्र और वायलिन पर पंडित सुखदेव मिश्र संगत कर रहे थे।

सम्मान | ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज, आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एवं कॉलेज में कोर्स समापन परेड आयोजित

# कैप्टन साहिल तंवर को मिली कमांडेंट रोलिंग ट्रॉफी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मेडिकल ऑफिसर्स बेसिक कोर्स -256 के समापन पर गुरुवार को ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज, आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एवं कॉलेज में एक कोर्स समापन परेड आयोजित की गई। नौ सप्ताह के कोर्स में युवा आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल और डेंटल ऑफिसर्स को इंटेंसिव कॉम्बैट मेडिकल सपोर्ट ट्रेनिंग दी गई। पाठ्यक्रम में त्रिसेवा प्रतिनिधित्व वाली 38 महिला अधिकारी सहित 123 अधिकारी शामिल रहे। ऑफिसर्स ने ट्रॉमा लाइफ सपोर्ट (एटीएलएस) प्रोवाइडर कोर्स में भी हिस्सा लिया। उन्हें लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के बारे में सिखाया गया । कोर्स समापन परेड की समीक्षा सेना चिकित्सा कोर केंद्र एवं कॉलेज के कमांडेंट, ओआईसी रिकॉर्ड्स और एएमसी के कर्नल कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल शिवेंद्र सिंह, एवीएसएम, कमांडेंट ने की। इस दौरान 159 इन्फैंट्री बटालियन प्रादेशिक सेना (टीए) के कैप्टन साहिल तंवर को पाठ्यक्रम का सर्वश्रेष्ठ सर्वांगीण अधिकारी चुना गया और उन्हें कमांडेंट रोलिंग ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। कैप्टन साहिल तंवर को फील्ड स्पर्धाओं में सर्वश्रेष्ठ अधिकारी चुने जाने पर मेजर लैशराम ज्योतिन सिंह अशोक चक्र मेमोरियल ट्रॉफी से भी सम्मानित किया गया।



छावनी स्थित एएमसी सेंटर में कैप्टन साहिल तंवर को ट्रॉफी देते लेफ्टिनेंट जनरल शिवेंद्र सिंह।

# कथा के समापन पर हुआ दो कन्याओं का विवाह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** हरिश्चंद्र वंशीय रस्तोगी समाज की महिला समिति सुहासिनी की ओर से राजा बाजार स्थित गीता सत्संग भवन में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन आचार्य उमेश कुमार मिश्रा ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष का मार्मिक प्रसंग सुनाया। दो बेटियों का विवाह भी कराया गया। धार्मिक अनुष्ठान को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए सुहासिनी संस्था और आचार्य उमेश मिश्रा ने मानवता की अनूठी मिसाल पेश की। कथा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा दान में दी गई समस्त सामग्री साड़ियां, वस्त्र, बर्तन एवं गृहस्थी का अन्य सामान दो निर्धन कन्याओं के विवाह के लिए भेंट कर दी गई। संस्था के पदाधिकारियों ने दोनों कन्याओं को सपरिवार बुलाकर यह सामग्री सौंपी। समाज के निर्बल वर्ग की सहायता करना ही सच्ची ईश्वर सेवा है। दान की सार्थकता तभी है जब वह किसी जरूरतमंद के काम आए। इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव ने इसे समाज के लिए एक आदर्श उदाहरण बताया। कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष रागिनी रस्तोगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीमा रस्तोगी, मंत्री शालिनी रस्तोगी रहीं।

## सिटी डायरी



पत्रकारों को आयोजन की जानकारी देते पदाधिकारी।

### स्वर्णकार व्यापारी स्नेह मिलन एवं समागम कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वर्णकार व्यापारियों की ओर से स्नेह मिलन एवं समागम 11 अप्रैल को रवींद्रालय चारबाग में किया जाएगा। प्रेस क्लब में हुई पत्रकार वार्ता में स्वर्णकार समाज के मनीष कुमार वर्मा, बन्नू भैया, कमलेश रस्तोगी, शिव शंकर वर्मा, श्याम सुंदर वर्मा, पंकज वर्मा, कुंदन वर्मा ने बताया कि समागम में स्वर्णकला बोर्ड के गठन कई मांगों को उठाया जाएगा। इसके अलावा समाज के राजनीतिक भागीदारी, स्वर्णकार व्यवसाय से जुड़े लोगों का बीएनएस की धारा 317 के नाम पर पुलिसिया उत्पीड़न, सराफा व्यवसायियों के साथ बढ़ती लूट एवं हत्या की वारदात जैसे गंभीर मुद्दे भी उठेंगे। राजनीतिक दलों की ओर से पंचायत चुनाव, विधानसभा चुनाव, लोकसभा चुनाव में टिकट देने की मांग भी उठाएंगे।



बैठक के दौरान व्यापारी नेता।

### सूरज बने कमलापुर इकाई के अध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडेय ने बिजनौर रोड पर बैठक कर कमलापुर इकाई का गठन किया है। इसमें सूरज यादव को अध्यक्ष और शुभम यादव, राजेश कुमार, जितेंद्र कुमार, सरबजीत यादव, मनीष यादव, अनुराग यादव, पंकज कुमार को सक्रिय सदस्य बनाया गया है। इस मौके पर बड़ी संख्या में व्यापारियों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश प्रभारी प्रवीण मणि त्रिपाठी, प्रदेश उपाध्यक्ष सिलेंद्र शर्मा, लखनऊ मंडल अध्यक्ष अंकुर मिश्रा, मंडल महासचिव मनीष सिंह, पवन कुमार पांडे, बिजनौर इकाई के संगठन मंत्री शिवम गुप्ता, सचिव अभिषेक शर्मा, योगेश कुमार शुक्ला, देवेंद्र मिश्रा आदि व्यापारी उपस्थित रहे।



पत्रकार वार्ता में करणी सेना पंजीकृत के पदाधिकारी।

### विवादित बयानों पर दी चेतावनी

**अमृत विचार, लखनऊ :** करणी सेना पंजीकृत उत्तर प्रदेश इकाई की ओर से प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में संगठन ने अपने रुख को स्पष्ट करते हुए कई मुद्दों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। वक्ताओं ने कहा कि संगठन अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल सिंह अम्मू के नेतृत्व में हिंदू धर्म के हित में कार्य करता रहेगा। प्रेस वार्ता में कहा गया कि हिंदू धर्म, साधु-संतों और धार्मिक प्रतीकों के अपमान को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की मांग की जाएगी। संगठन ने स्वामी प्रसाद मौर्य, चंद्रशेखर रावण और राजकुमार भाटी जैसे नेताओं के बयानों पर आपत्ति जताते हुए उन्हें इस तरह की टिप्पणी बंद करने की चेतावनी दी।



जल सेवा की शुरुआत के मौके पर उपस्थित आयोजक।

### जल सेवा शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिवर्तन चौक पर गुरुवार से ग्रीष्मकालीन जल सेवा शुरु हो गई। शुरुआत सुबह सुंदरकांड पाठ से की गई। इसके बाद भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।सेवा के अंतर्गत राहगीरों को जल पिलाने से पहले गुड़, पेठा जैसे मीठे पदार्थ प्रसाद स्वरूप दिए जा रहे हैं। प्रबंधक राजेन्द्र गोयल तारा जी, पवन, रामनरेश मिश्रा, प्रदीप शुक्ला, अनिल अग्रवाल और आशा निगम, उपस्थित रहे।



बस से उतरते गुजरात टाइटंस के स्टार खिलाड़ी राशिद खान। अमृत विचार

# लखनऊ पहुंचे गुजरात टाइटंस के धुरंधर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गुजरात टाइटंस की टीम दिल्ली के खिलाफ रोमांचक जीत के बाद लखनऊ पहुंच गई है और अब उसकी नजरें 12 अप्रैल को होने वाले अहम मुकाबले पर टिकी हैं। टीम फिलहाल पूरी नहीं है, क्योंकि कप्तान शुभमन गिल और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज शुक्रवार शाम तक स्क्वॉड से जुड़ेंगे। उनके आने के बाद टीम पूरी ताकत के साथ अभ्यास सत्र में उतरेगी।

**इकाना में होगी कड़ी टक्कर:** 12 अप्रैल को इकाना क्रिकेट स्टेडियम में गुजरात टाइटंस का मुकाबला मेजबान लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। दोनों टीमें शनिवार को संयुक्त अभ्यास सत्र में हिस्सा लेकर अपनी रणनीति को अंतिम रूप देंगी। लखनऊ की टीम भी अपने पिछले मैच के बाद शुक्रवार तक शहर पहुंचने की उम्मीद है।

- लखनऊ में भिड़ंत से पहले दोनों टीमों ने कसी कमर, शुक्रवार से शुरू होगा अभ्यास

### लखनऊ के सामने वापसी की चुनौती

- लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए यह मुकाबला अहम है। शुरुआती दो सीजन में प्लेऑफ तक पहुंचने वाली टीम पिछले दो वर्षों से सातवें स्थान पर संघर्ष कर रही है। घरेलू मैदान पर गुजरात के खिलाफ जीत दर्ज कर टीम अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेगी।

### गुजरात टीम का मिला-जुला प्रदर्शन

- 2022 में डेब्यू सीजन में खिताब जीतने वाली गुजरात टाइटंस का प्रदर्शन हाल के वर्षों में उतार-चढ़ाव भरा रहा है। 2023 में उपविजेता रहने के बाद टीम 2024 में आठवें और 2025 में चौथे स्थान पर रही। मौजूदा सीजन में भी टीम का प्रदर्शन अस्थिर रहा है। बल्लेबाजी में गिल और जोस बटलर जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, जबकि गेंदबाजी में प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान विपक्षियों के लिए चुनौती बने हुए हैं।

# तकनीकी जांच में बाबुओं पर बढ़ा बोझ

## स्कूली वाहन निरीक्षण व्यवस्था पर सवाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्कूली वाहनों की तकनीकी जांच और उनके विवरण को पोर्टल पर अपलोड करने की जिम्मेदारी इन दिनों परिवहन विभाग के बाबुओं पर आ गई है, जिससे पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। विभाग में तकनीकी कर्मचारियों की कमी के चलते यह अहम कार्य गैर-तकनीकी स्टाफ से कराया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार करीब 30 बाबुओं की ड्यूटी पोर्टल पर स्कूलों और वाहनों का विवरण अपलोड करने में लगाई गई है।

> स्कूलों की ओर से भी समय पर पूरा सहयोग मिले तो कार्य जल्दी पूरा हो सकता है। अधिकारी और कर्मचारी लगातार स्कूलों की जांच कर रहे हैं।
> -प्रदीप कुमार सिंह, एआरटीओ प्रशासन

कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे स्कूलों में जाकर वाहनों की जांच करें और जल्द से जल्द रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करें। इस दबाव में कर्मचारी रोजाना 12 घंटे से अधिक काम कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद अब तक केवल आधे स्कूलों का डेटा ही अपलोड हो सका है। बाबुओं का कहना है कि उन्हें न तो पोर्टल संचालन की पूरी जानकारी है और न ही वाहनों की तकनीकी समझ, फिर भी उनसे यह कार्य कराया जा रहा है। जानकारी के अभाव में एक-एक विवरण भरने में अधिक समय लग रहा है, जिससे काम की गति धीमी बनी हुई है।

इसका सीधा असर आरटीओ कार्यालय के नियमित कामकाज पर भी पड़ रहा है। बाबुओं की फील्ड ड्यूटी के चलते कार्यालय में आने वाले आवेदकों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है और कई जरूरी कार्य लंबित हो रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि यदि जल्द तकनीकी स्टाफ की व्यवस्था नहीं की गई तो स्थिति और बिगड़ सकती है।

## सिटी ब्रीफ

### एकेटीयू-सीमेंस में एमओयू, बनेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश में तकनीकी शिक्षा और नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय और सीमेंस के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की मौजूदगी में जनभवन में आयोजित हुआ। इस साझेदारी के तहत वीएलएसआई और सेमीकंडक्टर क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन ऑटोमेशन (ईडीए), वेरिफिकेशन और सिमुलेशन जैसी उभरती तकनीकों पर 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित किया जाएगा। इसका उद्देश्य शोध, नवाचार, स्टार्टअप्स और तकनीकी शिक्षा को मजबूती देना है। राज्यपाल ने कहा कि बड़े कार्यों के लिए दीर्घकालिक सोच और योजनाबद्ध प्रयास जरूरी हैं तथा विश्वविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शोध को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने देश के विकास के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 'विकसित भारत' के लक्ष्य के लिए आत्मनिर्भरता जरूरी है। एमओयू के तहत सीमेंस प्रदेश के करीब 300 संस्थानों को सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराएगा और हर साल हजारों छात्रों व शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे युवाओं को आधुनिक तकनीकी कौशल हासिल होगा।

### रोबोट से सर्जरी, 18 साल पुरानी थायरॉयड से मिली राहत

**अमृत विचार, लखनऊ:** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (पीजीआई) में इंडोक्राइन सर्जरी विभाग के विशेषज्ञों ने हरदोई के 25 वर्षीय जूनियर इंजीनियर की रोबोटिक तकनीक से थायराइड की जटिल सर्जरी कर नया जीवन देने में कामयाबी हासिल की है। इंडोक्राइन सर्जन डॉ. ज्ञान चंद ने बताया कि मरीज पिछले 18 वर्षों से गर्दन में सूजन की समस्या से जूझ रहा था। समय के साथ सूजन बढ़ती गई और थायरॉयड ग्रंथि असामान्य रूप से बड़ी होकर 149 ग्राम तक पहुंच गई। जांच में मल्टीनोड्यूलर गॉयटर, रेट्रोस्टर्नल विस्तार और लिम्फोसाइटिक थायरॉयडाइटिस की पुष्टि हुई। स्थिति जटिल होने के बावजूद डॉक्टरों ने आधुनिक तकनीक का सहारा लेते हुए रोबोटिक टोटल थायरॉयडेक्टॉमी (बाबा एप्रोच) के जरिए सफल ऑपरेशन किया। इस तकनीक की खासियत यह है कि इसमें बड़े चीरे की जरूरत नहीं होती, जिससे मरीज को कम दर्द और जल्दी रिकवरी मिलती है। डॉ. ज्ञान चंद कि विभाग ने अब तक 200 सफल सर्जरी पूरी कर ली है। संस्थान के निदेशक डॉ. आरके धीमन ने डॉ. ज्ञान चंद और उनकी टीम को इस सफलता पर बधाई देते हुए इसे चिकित्सा क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

# यूपी प्रो हैंडबॉल लीग का धमाकेदार आगाज

## उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक खुद कोर्ट पर उतरे, खिलाड़ियों में भरा जोश, काशी, मथुरा और गाजियाबाद की जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई इंडोर हाल में गुरुवार को प्रथम यूपी प्रो हैंडबॉल लीग का भव्य आगाज हुआ। तेज संगीत और दर्शकों के उत्साह के बीच खेले गए मुकाबलों में काशी किंग्स, मथुरा ब्रजस्टार और गाजियाबाद पैंथर्स ने जीत के साथ शानदार शुरुआत की। लीग का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। इस दौरान वह स्वयं कोर्ट पर उतरे और दमदार शॉट लगाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों का बजट बढ़ा है और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के साथ रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करा रही है। लीग का आयोजन उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन की देखरेख में एसएन पाण्डेय खेल संस्थान ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है।

उद्घाटन मुकाबले में काशी किंग्स ने गोरखपुर राउडीज को 19-17 से हराया। अविनाश ने 9 गोल दागे, जबकि अनीश यादव और मोहित घंघास ने तीन-तीन गोल कर योगदान दिया। पहले दिन के रोमांचक मुकाबलों ने लीग के आगामी मैचों के लिए उत्साह और प्रतिस्पर्धा को और बढ़ा दिया है।


हैंडबॉल थ्रो कर उद्घाटन करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं अन्य। अमृत विचार

### मथुरा ब्रजस्टार का दमदार प्रदर्शन

- दूसरे मैच में मथुरा ब्रजस्टार ने बर्बरीक वारियर्स को 34-29 से हराया। निहाल जायसवाल और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रवि ने 10-10 गोल किए, जबकि शिवा ने 8 गोल कर एमवीपी बने।

### गाजियाबाद पैंथर्स की शानदार जीत

- तीसरे मुकाबले में गाजियाबाद पैंथर्स ने नोएडा ब्लास्टर्स को 27-21 से हराया। मोहित ने 8 गोल किए, जबकि अमन और विवेक ने 5-5 गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित की।

# रहमान एकादश और केडी सिंह बाबू एकादश के बीच खिताबी मुकाबला आज


बॉल पर कब्जे के लिए संघर्ष करते खिलाड़ी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- द्वितीय फजलुर रहमान मेमोरियल सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता

**अमृत विचार :** चंद्र भानु गुप्त खेल मैदान (नेशनल कॉलेज ग्राउंड) पर आयोजित द्वितीय फजलुर रहमान मेमोरियल सब जूनियर हॉकी टूर्नामेंट में गुरुवार को खेले गए रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबलों के बाद फाइनल में पहुंचने वाली टीमों का फैसला हो गया। अब टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला आज रहमान एकादश और केडी सिंह बाबू एकादश के बीच खेला जाएगा।

पहले सेमीफाइनल में रहमान एकादश ने मोहम्मद शाहिद एकादश को 4-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। मैच की शुरुआत से ही रहमान एकादश ने आक्रामक खेल दिखाते हुए विरोधी टीम पर दबाव बनाए रखा। यश ने 11वें मिनट में पहला गोल कर टीम को बढ़त दिलाई, जबकि कप्तान अर्पित ने 21वें मिनट में गोल कर बढ़त को मजबूत किया। दूसरे हाफ में भी रहमान एकादश का दबदबा कायम रहा। अर्पित ने 52वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया और प्रियांशु ने भी 52वें मिनट में गोल कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

मोहम्मद शाहिद एकादश की ओर से अंतिम क्वार्टर में मिले पेनाल्टी कॉर्नर को कप्तान आमिर ने गोल में बदलकर टीम का खाता खोला, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। दूसरे सेमीफाइनल में जमन लाल शर्मा एकादश और केडी सिंह बाबू एकादश के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जो निर्धारित समय तक 2-2 की बराबरी पर रहा। इसके बाद मैच का फैसला शूटआउट से हुआ, जिसमें केडी सिंह बाबू एकादश ने 2-1 से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया।

अब आज होने वाला फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है, जहां दोनों टीमें खिताब के लिए जोर आजमाइश करेंगी।

# सांसद खेल महाकुंभ में मनस्वी व अर्शी की दोहरी चमक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

खेल-खिलाड़ी

**अमृत विचार :** सांसद खेल महाकुंभ के तहत गुरुवार को उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्र के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिताएं केडी सिंह बाबू स्टेडियम, चौक स्टेडियम और डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय सहित विभिन्न स्थलों पर आयोजित की गईं।

उत्तरी क्षेत्र की स्पर्धाओं में सिटी मॉन्टेसरी स्कूल अलीगंज की मनस्वी शुक्ला ने लंबी कूद और 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर दोहरी सफलता हासिल की। वहीं शिया इंटर कॉलेज की अर्शी खान ने 200 और 800 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर दोहरा खिताब अपने नाम किया। टीम स्पर्धाओं में जूनियर बालिका फुटबॉल में सीएमएस अलीगंज विजेता और मॉडर्न स्कूल उपविजेता रहा। रस्साकशी में भी सीएमएस अलीगंज ने जीत दर्ज की।

ताइक्वांडो में भी दमदार प्रदर्शन

जूनियर वर्ग में अर्चना, तनिष्का वर्मा, अनिष्का शाही और अर्पिता पटेल ने अपने-अपने भार वर्ग में जीत दर्ज की। सीनियर वर्ग में साक्षी, फातिमा और ज्ञुसी पाण्डेय विजेता रहीं।

### उत्तरी विधानसभा के प्रमुख परिणाम

- एथलेटिक्स जूनियर बालिका वर्ग में विदुषी पाण्डेय ने 400 मीटर, आस्था शुक्ला ने शॉट पुट में प्रथम स्थान पाया। सीनियर वर्ग में नंदिनी (100 व 200 मीटर), वंदना वर्मा (400 मीटर), सुरभि (800 मीटर) और दीपा (लंबी कूद, शॉट पुट) विजेता रहीं।

### पश्चिम विधानसभा के मुकाबले

- बास्केटबॉल में सेंट जोसेफ (बालक) और एलपीएस (बालिका) विजेता रहे, जबकि सीनियर बालिका वर्ग में पं. दीनदयाल उपाध्याय पीजी कॉलेज ने बाजी मारी। वॉलीबॉल में राजकुमार इंटर कॉलेज, सेंट मेरी पब्लिक कॉलेज और कालीचरण इंटर कॉलेज ने अपने-अपने वर्ग में खिताब जीता।

# असंतुलित जीवनशैली से बढ़ रहीं गर्भावस्था की जटिलताएं, विशेषज्ञों ने दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** असंतुलित जीवनशैली, कुपोषण और जागरूकता की कमी के चलते गर्भावस्था से जुड़ी जटिलताओं में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है, जो जच्चा-बच्चा दोनों के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। यह जानकारी डॉ. प्रीति कुमार ने दी।

लखनऊ ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटी की ओर से आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने 'आर्ट ऑफ बर्थिंग कॉन्क्लेव 2026' की जानकारी साझा करते हुए बताया कि यह सम्मेलन 10, 11 व 12 को केजीएमयू के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होगा।

उन्होंने कहा कि बदलते खानपान, बढ़ते तनाव और नियमित जांच की अनदेखी के कारण गर्भवती महिलाओं में एनीमिया, उच्च रक्तचाप और अन्य जटिलताएं तेजी से बढ़ रही हैं। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग (क्वीनमेरी) की डॉ. सुजाता देव ने कहा कि गर्भावस्था और प्रसव के दौरान होने वाले जोखिमों को काफी हद तक रोका जा सकता है। इसके लिए नियमित जांच, विशेषज्ञों की निगरानी और संस्थागत प्रसव बेहद जरूरी है।

आयोजन सचिव डॉ. सीमा मेहरोत्रा ने गर्भवती महिलाओं को सलाह दी कि वे किसी भी असामान्य लक्षण को नजरअंदाज न करें।


पत्रकार वार्ता में जानकारी देतीं विशेषज्ञ। अमृत विचार

### टीबी का समय पर इलाज और पोषण ही बचाव की कुंजी: डॉ. अमित देवगन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) किसी भी उम्र में हो सकती है और बच्चों में कुपोषण व कमजोर प्रतिरोधक क्षमता इसके प्रमुख कारण हैं। यह जानकारी अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. अमित देवगन ने गुरुवार को टीबी जागरूकता कार्यक्रम में दी। कुलपति ने बताया कि संक्रमित व्यक्ति के संपर्क और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में रहने से बच्चों में टीबी का खतरा बढ़ जाता है। जिन परिवारों में पहले से मरीज हैं, वहां जोखिम और अधिक होता है उन्होंने बताया कि बच्चों में टीबी के लक्षण अक्सर सामान्य बीमारियों जैसे होते हैं, जिससे पहचान में देरी हो जाती है। कार्यक्रम में डॉ. देवाशीष शुक्ला व संजीव कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

## सिटी डायरी


महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग।

### नेतृत्व की परंपरा है इन्वेस्टिचर सेरेमनी : हलवासिया

**अमृत विचार, लखनऊ :** महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल, मोती नगर शाखा द्वारा इन्वेस्टिचर सेरेमनी (अलंकरण समारोह) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय समिति के सदस्य एवं अभिभावक उपस्थित रहे। समारोह में नव-निर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को उनके पदों की औपचारिक शपथ प्रिंसिपल रुचि पुरी ने दिलाई। संस्था के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने पदाधिकारियों को ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करने का संदेश देते हुए उन्हें आधिकारिक बैज पहनाए। मंत्री सुधीर एस हलवासिया ने कहा कि एमएपीएस इन्वेस्टिचर सेरेमनी नेतृत्व की परंपरा है और यहां का प्रत्येक छात्र देश का भविष्य है। मीडिया प्रभारी सुधीश गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में छात्र परिषद के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई और उन्हें बैज प्रदान किए गए। विद्यालय में की भावना को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया।

### सीएमएस की बालिका टीम चैंपियन

अमृत विचार, लखनऊ : गोमती नगर एक्सटेंशन स्थित सिटी मांटेसरी स्कूल (कैम्ब्रिज सेक्शन) में आयोजित दो दिवसीय अंतर-विद्यालयी 3 गुणा 3 बास्केटबॉल चैंपियंस कप का समापन गुरुवार को रोमांचक मुकाबलों के साथ हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-16 बालिका वर्ग में सीएमएस कानपुर रोड की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार तालमेल और आक्रामक खेल दिखाते हुए दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। वहीं अंडर-18 बालिका वर्ग में डीपीएस एल्डिको की टीम ने तेज रफ्तार और सटीक रणनीति के दम पर चैंपियन बनने में सफलता हासिल की। अंडर-16 बालक वर्ग में विबग्योर हाई स्कूल ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए जीत दर्ज की, जबकि अंडर-18 बालक वर्ग में भी डीपीएस एल्डिको का दबदबा देखने को मिला और टीम विजेता रही। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय खिलाड़ी रुद्राक्ष पाण्डेय मौजूद रहे। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में चैंपियनशिप की संयोजिका मसीरा आरिफ ने सभी अतिथियों, कोचों और प्रतिभागी टीमों का आभार व्यक्त किया।


विजेता टीमें ट्रॉफी के साथ।



ट्रॉफी के साथ विजेता खिलाड़ी।

### शिवांगी, आरणा, अविराज व लक्ष्य विजेता

**अमृत विचार, लखनऊ :** साउथ सिटी स्थित कर्नल एसएन मिश्रा ओबीई मेमोरियल स्कूल में लखनऊ जिला शतरंज आयु वर्ग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन केकेवी कॉलेज की प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ मिश्रा ने शतरंज बोर्ड पर पहली चाल चलकर किया। चैंपियनशिप के पहले चरण में अंडर-7 बालिका वर्ग में आरणा श्रीवास्तव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जीविका सिंह 2.5 अंकों के साथ दूसरे और नाव्या निगम 1.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। अंडर-7 ओपन वर्ग में अविराज गनेरीवाला ने तीन अंकों के साथ खिताब अपने नाम किया। अगस्त्य गुप्ता और रेयांश श्रीवास्तव ने समान 2.5 अंक अर्जित किए, लेकिन बेहतर टाई-ब्रेक स्कोर के आधार पर अगस्त्य को दूसरा और रेयांश को तीसरा स्थान मिला। अंडर-15 बालिका वर्ग में शिवांगी ने खिताबी जीत दर्ज की, जबकि कृतिका बाजपेई उपविजेता रहीं। वहीं ओपन वर्ग में लक्ष्य निगम ने सर्वाधिक 4.5 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया।

परिचर्चा

**अटल विवि में इंटरवेंशनल कॉन्फ्रेंस, विशेषज्ञों ने एंजियोप्लास्टी के बाद सावधानी बरतने की दी सलाह**

# स्टेंट के बाद हर तीसरे मरीज को पेट की दिक्कत, न करें लापरवाही

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** दिल के मरीजों में एंजियोप्लास्टी के बाद पेट संबंधी समस्याएं आम हैं, लेकिन इन्हें नजरअंदाज करना खतरनाक साबित हो सकता है। यह जानकारी डॉ. शरद चन्द्रा ने दी।

अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी के कन्वेंशन सेंटर में गुरुवार से चार दिवसीय कॉन्फ्रेंस शुरू हुई, जिसमें देश-विदेश के करीब 1000 कार्डियोलॉजिस्ट शामिल हो रहे हैं।

डॉ. शरद चन्द्रा ने बताया कि एंजियोप्लास्टी के बाद लगभग 25 से 30 प्रतिशत मरीजों को पेट खराब होने की समस्या होती है। यह समस्या इलाज के दौरान दी जाने वाली दवाओं और जांच में इस्तेमाल होने वाली डाई (कॉन्ट्रास्ट) के कारण होती है।



कार्यक्रम में मौजूद हृदय रोग विशेषज्ञ। अमृत विचार

विशेषज्ञ डॉ. गौरव चौधरी ने बताया कि स्टेंट डालते समय रक्त वाहिकाओं को स्पष्ट देखने के लिए विशेष डाई का उपयोग किया जाता है, जो कुछ मरीजों में पेट दर्द, गैस, अपच और उल्टी जैसी समस्याएं पैदा कर सकती है। डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. भुवन चन्द्र तिवारी ने कहा कि जिन मरीजों का पाचन तंत्र पहले से कमजोर होता है, उनमें यह समस्या अधिक देखने को मिलती है।

उन्होंने सलाह दी कि स्टेंट के बाद पेट से जुड़ी किसी भी समस्या को हल्के में न लें। समय पर डॉक्टर से परामर्श लें और दवाओं का कोर्स पूरा करें। बिना सलाह के दवा बंद करना या घरेलू उपायों पर निर्भर रहना स्थिति को गंभीर बना सकता है। हल्का और सुपाच्य भोजन, पर्याप्त पानी और अच्छी नींद जरूरी है।

इस दौरान डॉ. अखिल शर्मा ने बताया कि एंजियोप्लास्टी के बाद 2 से 3 प्रतिशत मरीजों में किडनी पर भी असर पड़ सकता है। डाई और दवाओं के कारण क्रिएटिनिन स्तर बढ़ सकता है, जिससे कुछ मामलों में डायलिसिस की आवश्यकता पड़ती है। हालांकि एक-दो डायलिसिस के बाद मरीज सामान्य स्थिति में लौट सकता है। कार्यक्रम में मौजूद अन्य विशेषज्ञों ने दिल के इलाज में आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी साझा की।